केन्द्रीय सूचना आयोग

द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन

भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.

******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2017/113 दिनांक: 12.04.2017

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2017/00107

CICOM/R/2016/01499

अपीलकर्ता : श्री आनन्द महतो,
कच्छी बलिहारी बस्ती,
कुसुण्डा, जिला – धनबाद,
झारखंड – 828116.

निर्णय की तारीख : 12.04.2017

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | गैरदिनांकित |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 17.11.2016 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री यू. सी. जोशी |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | गैरदिनांकित |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 190103/12.12.2016 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 132/07.04.2017 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से आयोग में दाखिल अपने द्वितीय अपील के संबंध में सूचनाएं मांगी थी जिससे संबंधित सूचना दिनांक 17.11.2016 को श्री यू. सी. जोशी, उप-पंजीयक (सेन्ट्रल रजिस्ट्री) व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई ।

2. अपीलकर्ता यह गैरदिनांकित प्रथम अपीली जो कि केन्द्रीय सूचना आयोग में दिनांक 12.12.2016 को डायराइज हुआ तथा डाक अनुभाग द्वारा भूलवश किसी अन्य अनुभाग को अग्रसारित हो जाने के कारण प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय में दिनांक 07.04.2017 को प्राप्त हुआ । प्रथम अपील आवेदन में अपीलकर्ता ने दाखिल किए गए अपने द्वितीय अपील का विवरण प्रस्तुत किया है, आर.टी.आई. आवेदन के संदर्भ में प्रदान की गई सूचना का कोई उल्लेख नहीं किया गया है । श्री यू. सी. जोशी द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार अपीलकर्ता के द्वितीय अपील का डायरी नं. 181987/26.10.2016 है, जो कि डाक प्रबंधन प्रणाली के अनुसार अभी सेन्ट्रल रजिस्ट्री में ही है । अतः श्री कृष्ण अवतार तलवार, वर्तमान उप-पंजीयक (सेन्ट्रल रजिस्ट्री) को निर्देश दिया जाता है कि अपीलकर्ता के उक्त द्वितीय अपील से संबंधित सूचना अपीलकर्ता को इस आदेश की प्राप्ति के दस कार्यदिवसों के अंदर उपलब्ध करवाई जाए ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066 में की जा सकती है ।

C.I.C. / के.सू. आ.
RECEIVED
12 APR 2017

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री कृष्ण अवतार तलवार, उप-पंजीयक (सेन्ट्रल रजिस्ट्री), केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।